# बस की यात्रा

Question 1.
पुलिया के ऊपर पहुँचने के बाद क्या हुआ ?
(a) बस का टायर फट गया
(b) बस का इंजन खराब हो गया
(c) बस का पहिया गड्ढे में फँस गया
(d) बस पुलिया से टकरा गई

▼ Answer

Answer: (a) बस का टायर फट गया

---

Question 2.
लेखक हर पेड़ को अपना दुश्मन क्यों समझ रहे थे ?
(a) उनको डर था कि कोई पेड़ उन पर न गिर पड़े
(b) कोई भी पेड़ बस पर गिर सकता था
(c) बस किसी भी पेड़ से टकरा सकती थी
(d) लेखक को पेड़ अच्छे नहीं लगते थे

▼ Answer

Answer: (c) बस किसी भी पेड़ से टकरा सकती थी

---

Question 3.
डाक्टर मित्र ने क्या कहा ?
(a) वस खटारा है
(b) बस अनुभवी है
(c) बस अच्छी है
(d) बस में कोई खराबी नहीं

▼ Answer

Answer: (b) बस अनुभवी है

---

Question 4.
'बस की यात्रा' कहानी के कहानीकार कौन हैं ?
(a) भगवती चरण वर्मा
(b) हरिशंकर परसाई
(c) सुभाष गाताड़े
(d) प्रदीप तिवारी

▼ Answer

Answer: (b) हरिशंकर परसाई

---

Question 5.
लेखक एवं उनके साथियों को कहाँ की ट्रेन पकड़नी थी ?
(a) सतना की
(b) ग्वालियर की
(c) भोपाल की
(d) जबलपुर की

▼ Answer

Answer: (a) सतना की

---

Question 6.
चलते-चलते एकाएक बस क्यों रुक गई ?
(a) उसका इंजन खराब हो गया था
(b) आगे रास्ता खराब था
(c) डाकुओं ने बस को रुकवा लिया
(d) पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया

▼ Answer

Answer: (d) पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चलें। पन्ना से इसी कंपनी की बस सतना के लिए घंटे भर बाद मिलती है जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है। सुबह घर पहुँच जाएँगे। हम में से दो को सुबह काम पर हाज़िर होना था इसीलिए वापसी का यही रास्ता अपनाना ज़रूरी था। लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते। क्या रास्ते में डाकू मिलते हैं? नहीं, बस डाकिन है। बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी। खूब वयोवृद्ध थी। सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी। लोग इसलिए इससे सफ़र नहीं करना चाहते कि वृद्धावस्था में इसे कष्ट होगा। यह बस पूजा के योग्य थी। उस पर सवार कैसे हुआ जा सकता है !

Question 1.
लेखक एवं उनके मित्रों को ट्रेन कहाँ से पकड़नी थी ?
(a) पन्ना से
(b) सतना से
(c) जबलपुर से
(d) कटनी से

▼ Answer

Answer: (c) जबलपुर से।

---

Question 2.
लेखक एवं उनके मित्रों को किस बात के लिए जल्दी थी ?
(a) उन्हें एक विवाह समारोह में जाना था
(b) अगले दिन उन्हें काम पर जाना था

(c) वे घूमने के लिए जा रहे थे
(d) उनको अपने गाँव पहुँचना था

▼ Answer

Answer: (b) अगले दिन उन्हें काम पर जाना था।

---

Question 3.
लोगों ने उनको क्या सलाह दी ?
(a) शाम वाली बस से सफर करना ठीक नहीं है
(b) आपको यहीं रुक जाना चाहिए
(c) आप कल सुबह बस पकड़कर चले जाना
(d) आप यहीं से ट्रेन पकड़ लेना

▼ Answer

Answer: (a) शाम वाली बस से सफर करना ठीक नहीं है।

---

Question 4.
बस कैसी थी ?
(a) एकदम नई
(b) बहुत सुंदर
(c) उसके अस्थि-पंजर हिल रहे थे
(d) वह बहुत मजबूत थी

▼ Answer

Answer: (c) उसके अस्थि -पंजर हिल रहे थे।

---

Question 4.
लेखक ने क्या कहकर बस पर व्यंग्य किया है ?
(a) यह वयोवृद्ध है, इसलिए इस पर सफर नहीं करना चाहिए
(b) यह बस पूजा के योग्य है
(c) यह श्रद्धा के योग्य हैं
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

---

(2)

बस सचमुच चल पड़ी और हमें लगा कि यह गांधीजी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों के वक्त अवश्य जवान रही होगी। उसे ट्रेनिंग मिल चुकी थी। हर हिस्सा दूसरे से असहयोग कर रहा था। पूरी बस सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौर से गुज़र रही थी। सीट का बॉडी से असहयोग चल रहा था। कभी लगता सीट बॉडी को छोड़कर आगे निकल गई है। कभी लगता कि सीट को छोड़कर बॉडी आगे भागी जा रही है। आठ-दस मील चलने पर सारे भेदभाव मिट गए। यह समझ में नहीं आता था कि सीट पर हम बैठे हैं या सीट हम पर बैठी है।

Question 1.
लेखक के अनुमान के अनुसार बस कितनी पुरानी थी ?
(a) दस साल
(b) बीस साल
(c) तीस साल
(d) गांधी जी के असहयोग आंदोलन के समय की

▼ Answer

Answer: (d) गांधी जी के अहसयोग आंदोलन के समय की।

---

Question 2.
असहयोग का क्या अर्थ है ?
(a) दूसरों के साथ सहयोग न करना
(b) दूसरों के साथ असहयोग न करना
(c) दूसरों के साथ मिलकर रहना
(d) तालमेल होना

▼ Answer

Answer: (a) दूसरों के साथ सहयोग न करना।

---

Question 3.
सीट का किससे असहयोग चल रहा था ?
(a) सड़क से
(b) इंजन से
(c) बस की बॉडी से
(d) ड्राइवर से

▼ Answer

Answer: (c) बस की बॉडी से।

---

Question 4.
आठ-दस मील चलने पर सारे भेदभाव कैसे मिट गए ?
(a) सब कुछ एकाकार हो गया था
(b) वे अपने गन्तव्य पर पहुँच गए थे
(c) बस का इंजन हिल रहा था
(d) बस का इंजन बंद हो गया था

▼ Answer

Answer: (a) सब कुछ एकाकार हो गया।

---

Question 5.
निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द उपसर्गयुक्त नहीं है ?
(a) अहसयोग
(b) सचमुच

(c) सविनय
(d) अवज्ञा

▼ Answer

Answer: (b) सचमुच।

---

(3)

एकाएक बस रुक गई। मालूम हुआ कि पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया है। ड्राइवर ने बाल्टी में पेट्रोल निकालकर उसे बगल में रखा और नली डालकर इंजन में भेजने लगा। अब मैं उम्मीद कर रहा था कि थोड़ी देर बाद बस-कंपनी के हिस्सेदार इंजन को निकालकर गोद में रख लेंगे ओर उसे नली से पेट्रोल पिलाएँगे, जैसे माँ बच्चे के मुँह में दूध की शीशी लगाती है।
बस की रफ़्तार अब पंद्रह-बीस मील हो गई थी। मुझे उसके किसी हिस्से पर भरोसा नहीं था। ब्रेक फेल हो सकता है, स्टीयरिंग टूट सकता है। प्रकृति के दृश्य वहुत लुभावने थे। दोनों तरफ हरे-भरे पेड़ थे जिन पर पक्षी बैठे थे। मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था। जो भी पेड़ आता, डर लगता कि इससे बस! टकराएगी। वह निकल जाता तो दूसरे पेड़ का इंतज़ार करता। झील दिखती तो सोचता कि इसमें बस गोता, लगा जाएगी।

Question 1.
ड्राइवर ने बस क्यों रोक दी थी ?
(a) गाड़ी का टायर पंचर हो गया था
(b) इंजन में कार्बन आ गया था
(c) पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया था
(d) एक सवारी पीछे छूट गई थी

▼ Answer

Answer: (c) पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया था।

---

Question 2.
लेखक बस-कंपनी के हिस्सेदार से क्या उम्मीद कर रहा था ?
(a) कि वह दूसरी बस मँगवाएगा
(b) कि वह आज यहीं रहने के लिए कहेगा
(c) कि वह इंजन को निकालकर गोद में रख लेगा
(d) कि वह स्वयं बस चलाएगा

▼ Answer

Answer: (c) कि वह इंजन को निकालकर गोद में रख लेगा।

---

Question 3.
प्रकृति के दृश्य कैसे थे ?
(a) कष्टदायक
(b) लुभावने
(c) डरावने
(d) चमकीले

▼ Answer

Answer: (b) लुभावने।

---

Question 4.
लेखक हर पेड़ को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था ?
(a) क्योंकि बस कभी भी पेड़ से टकरा सकती थी
(b) पेड़ छायादार नहीं था
(c) पेड़ नरभक्षी थे
(d) पेड़ काँटेदार थे

▼ Answer

Answer: (a) क्योंकि बस कभी-भी पेड़ से टकरा सकती थी।

---

Question 5.
झील को देखकर लेखक को क्या लगता था ?
(a) कि इसमें नहाना चाहिए
(b) कहीं बस झील में ही न जा गिरे
(c) झील बहुत पुरानी है
(d) झील का पानी पीने लायक है या नहीं

▼ Answer

Answer: (b) कहीं बस झील में ही न गिर जाए।

---

(4)

मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा। वह टायरों की हालत जानते हैं फिर भी जान हथेली पर लेकर इसी बस से सफर कर रहे हैं। उत्सर्ग की ऐसी भावना दुर्लभ है। सोचा, इस आदमी के साहस और बलिदान भावना का सही उपयोग नहीं हो रहा है। इसे तो किसी क्रांतिकारी आंदोलन का नेता होना चाहिए। अगर वस नाले में गिर पड़ती और हम सब मर जाते तो देवता वाँहें पसारे उसका इंतज़ार करते। कहते-"वह महान आदमी आ रहा है जिसने एक टायर के लिए प्राण दे दिए। मर गया, पर टायर नहीं बदला।"

Question 1.
लेखक का कंपनी के हिस्सेदार के प्रति श्रद्धा का क्या कारण था ?
(a) उनमें बलिदान की भावना
(b) उनकी दानवीरता
(c) उनकी मूर्खता
(d) उनकी असहयोग की भावना

▼ Answer

Answer: (a) उनमें बलिदान की भावना।

---

Question 2.
बस मालिक को किसी क्रांतिकारी आंदोलन का हिस्सा क्यों होना चाहिए था ?
(a) वह बहुत बड़े देशभक्त थे
(b) उनमें नेतृत्व की भावना थी

(c) उनमें उत्सर्ग की भावना थी
(d) वे एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता थे

▼ Answer

Answer: (c) उनमें उत्सर्ग की भावना थी।

---

Question 3.
'मर गया पर टायर नहीं बदला' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
(a) बस वाला बहुत बहादुर था
(b) वह बहुत बड़ा आदर्शवादी था
(c) वह पक्का व्यापारी था
(d) वह बहुत बड़ा कंजूस था

▼ Answer

Answer: (d) वह बहुत बड़ा कंजूस था।

---

Question 4.
देवता बाँहें पसारे बस वाले का इंतजार क्यों करते ?
(a) क्योंकि वह महान व्यक्ति था
(b) उसने एक टायर के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया
(c) वह बहुत परोपकारी था
(d) वह बहुत दानवीर था

▼ Answer

Answer: (a) क्योंकि वह महान व्यक्ति था।

---

Question 5.
'उत्सर्ग' शब्द में उपसर्ग बताइए।
(a) उप
(b) उत्
(c) उन्
(d) उद्

▼ Answer

Answer: (b) उत्।

---